Govt. E.V.P.G. College Korba

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

दर्पण

षष्ठम अंक

जनवरी - जून 2022

डॉ. आर.के. सक्सेना
प्राचार्य

सफलता का दरवाजा हमेशा खुला रहता है, यह तो आप पर निर्भर करता है, कि आप उसे पार कर पाते हैं या नहीं

जनवरी

1. 03 जनवरी को अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा जी. एस. टी. पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
2. 05 जनवरी से कोविड–19 के कारण ऑनलाईन कक्षाएं प्रारंभ की गयी।
3. 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर **"भारतीय संस्कृति के अनुरूप युवाओं में नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता"** विषय पर ऑनलाईन कार्यक्रम मुख्यवक्ता व मुख्य अतिथि श्री भोजराम पटेल पुलिस अधीक्षक कोरबा थे।
4. 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ऑनलाईन शपथ का आयोजन किया गया।
5. 26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली में राजपथ पर महाविद्यालय के कैडेट धीरज यादव ने सलामी दिया।
6. 26 जनवरी 2022 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया।
7. महाविद्यालय के प्राचार्य को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

फरवरी

1. 05 फरवरी 2022 को "खाकी के रंग कॉलेज के संग" कार्यक्रम जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री भोजराम पटेल मुख्य अतिथि थे।
2. महाविद्यालय के तृतीय चक्र के नैक मूल्यांकन हेतु 17 फरवरी को एस.एस. आर. सबमिट किया गया।
3. 22 फरवरी 2022 को महाविद्यालय द्वारा आयोजित वैल्यू एडेड कोर्स **"Legal Education & Awareness Aranog Youth"** का शुभारंभ श्री उमेश पटेल उच्च शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।
4. गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद् से ग्रीन चैम्पियन अवार्ड मिला जिसे जिला कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के द्वारा प्राचार्य को प्रदान किया गया।
5. 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।



मार्च

1. 03 मार्च 2022 वैल्यू एडेड कोर्स का समापन जिला व सत्र न्यायाधीश श्री वी.पी. वर्मा की उपस्थिति में हुआ।
2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
3. 08 मार्च 2022 को महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पदस्थ महिला अधिकारी व कर्मचारियों हेतु पुरूष अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
4. 15 मार्च 2022 को नैक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ए.के. द्वारा माहविद्यालय में उपस्थित हुए इस अवसर पर उन्होंने एन.सी.सी. कैडेटों को कैरियर के प्रति संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया तथा अमृत महोत्सव वाटिका का शुभारंभ किया।
5. दिव्यांग छात्रों के लिए 16 मार्च 2022 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।



लक्ष्य तय कर हासिल करने तक बढ़ते रहें

अप्रैल

1. 15 अप्रैल 2022 प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय में सम्मानित किया गया।
2. 20 अप्रैल 2022 को विभिन्न निजी संस्थाओं द्वारा महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
3. वनस्पति शास्त्र के छात्रों द्वारा गर्मी से बचाव हेतु पंछियों के लिए महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों में पेड़ों पर सकोरा बांध कर पानी डाला जा रहा है।

मई

1. 08 मई 2022 को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास सोसायटी के द्वारा गर्मी से बचाव एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार किया गया।
2. 17 मई 2022 से वैल्यू एडेड कोर्स **'योग और चित्रकला'** प्रारंभ किया गया।

जून

1. 02 जून 2022 से **'मेंहदी एवं रंगोली प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार'** विषय पर वैल्यू एडेड कोर्स का शुभारंभ किया गया।
2. 03 जून 2022 विश्व सायकल दिवस के अवसर पर सायकल रैली आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया।
3. 05 जून 2022 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में वन मंडल कोरबा के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया।
4. 09 जून 2022 से 11 जून 2022 तक प्रदेश के महाविद्यालयों में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ाधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
5. 21 जून 2022 को योग दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं एवं अधिकरियों/कर्मचारियों के द्वारा सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया।